प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 17.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ़ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया।

2– राज्य विधानसभा में आज हो रही है वंदे मातरम् पर चर्चा।

3– नारायणपुर जिले में आज ग्यारह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– स्कूल शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को लेकर नियम में किया बदलाव।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**प्रधानमंत्री–सम्मान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ़ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार श्री मोदी को भारत–इथियोपिया साझेदारी को मजबूत करने में उनके असाधारण योगदान और एक वैश्विक राजनेता के रूप में उनके नेतृत्व के लिए इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने यह पुरस्कार दोनों देशों के उन लोगों को समर्पित किया, जिन्होंने सदियों से द्विपक्षीय संबंधों को पोषित किया है।

**यह सम्मान उन अनगिनत भारतीयों का है, जिन्होंने हमारी साझादारी को आकार दिया है। 1896 के संघर्ष में सहयोग देने वाले गुजराती व्यापारी हो, इथोपियन नियुक्ति के लिए लड़ने वाले भारतीय सैनिक हो या शिक्षा और निवेश के माध्यम से भविष्य संवारने वाले भारतीय शिक्षक और उद्योगपति।**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री को 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ़ इथियोपिया' से सम्मानित किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने इसे भारत के लिए एक ऐतिहासिक, अविस्मरणीय और अत्यंत गौरवशाली क्षण बताया है।

**विधानसभा कार्यवाही**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन आज सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा चल रही है। इसके अलावा आज तीन संशोधन विधेयक भी पारित किए गए। पेश है यह रिपोर्ट –

विधानसभा में आज वंदे मातरम् पर हो रही चर्चा की शुरूआत में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की ऊर्जा है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि आज का दिन विधानसभा के लिए अवसर है कि हम सब एकत्रित होकर नवभारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि हम इतिहास को ना बिगाड़ें। आने वाली पीढ़ी को अगर हम गलत रास्ता बता देंगे, तो यह उचित नहीं होगा।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जो समाज इतिहास से समझ नहीं लेता उसका भविष्य बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रीय चेतना से जोड़ता है।

आज सदन में तीन संशोधन विधेयक पारित किए गए। इनमें छत्तीसगढ़ दुकानें और प्रतिष्ठान संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ जन विश्वास संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक शामिल हैं। इन तीनों विधेयकों पर हुई चर्चा में कांग्रेस विधायकों ने भाग नहीं लिया।

## विधानसभा कार्यवाही–02

राज्य विधानसभा में आज मुख्य विपक्ष दल कांग्रेस ने केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग का मामला उठाते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां छत्तीसगढ़ में षड्यंत्रपूर्वक कार्रवाई कर रही है। विपक्ष को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि इस पर चर्चा नहीं हो सकती। इसके बाद सत्तापक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच जारी बहस के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया।

स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य होने पर विपक्षी सदस्य गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा के नियमों के अनुसार गर्भगृह में पहुंचे कांग्रेस के सभी विधायक स्वमेव निलंबित हो गए।

इससे पहले, कल राज्य विधानसभा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पेश किया गया पैंतीस हजार करोड़ रूपये का प्रथम अनुपूरक बजट सर्वसम्मति से पारित हो गया है। इस अनुपूरक बजट को मिलाकर राज्य सरकार के चालू वित्तीय वर्ष का कुल बजट दो लाख करोड़ रूपए का हो गया है।

विधानसभा परिसर नवा रायपुर अटल नगर से अभिषेक कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं राहुल सिन्हा।

## माओवादी आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में आज ग्यारह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें पांच महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन सभी माओवादियों पर कुल सैंतीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया।

## कैग–रिपोर्ट

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–कैग ने कल राज्य विधानसभा में रिपोर्ट पेश की। कैग ने अपनी रिपोर्ट में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की वित्तीय स्थिति, कार्पोरेट गवर्नेंस मानकों और परियोजना क्रियान्वयन क्षमता पर चिंता जताई है। साथ ही राज्य में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी, कमजोर निगरानी व्यवस्था और उपलब्ध धनराशि के अपर्याप्त उपयोग को भी रेखांकित किया। कैग ने राज्य सरकार से सिफारिश की है कि वह घाटे में चल रहे और निष्क्रिय उपक्रमों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करे।

## आरटीई–नियम बदलाव

स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश को लेकर नियम में बदलाव किया है। अब आगामी शिक्षा सत्र से प्रदेशभर के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत कक्षा पहली से बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। पहले आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश नर्सरी और केजी वन से होता था। अब नर्सरी से प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

गौरतलब है कि आरटीई के तहत बच्चों की पढ़ाई का खर्च राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है।

## पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से संपादित की गई है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के अंक सार्वजनिक कर दिए गए हैं। कोई भी अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर इसका अवलोकन कर सकता है। विभाग ने परिणामों को जानने के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया है, जिसकी मदद से रिजल्ट पोर्टल पर जाकर अभ्यर्थी अपना परिणाम देख सकते हैं।

पुलिस विभाग के एडीजी प्रशासन एस.आर.पी. कल्लूरी ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया के बारे में कोई शिकायत है, तो वह सबूतों के साथ उन्नीस या बीस दिसंबर को पुलिस मुख्यालय में सीधे उनसे मुलाकात कर सकता है।

इसके अलावा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी कहा है कि यदि किसी उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया के बारे में कोई समस्या या शिकायत है तो वह उनके रायपुर स्थित निवास कार्यालय में इक्कीस दिसंबर को सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक मुलाकात कर सकते हैं।

यदि कोई अभ्यर्थी रायपुर आने में असमर्थ है तो वह संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से भी उनसे संपर्क कर सकता है।

गौरतलब है कि राज्य में पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए पांच हजार नौ सौ से अधिक पदों के लिए करीब सात लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इस भर्ती परीक्षा का परिणाम नौ दिसंबर को घोषित किया गया है।

## रोजगार–आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक कल लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। मनरेगा के तहत पहले सौ दिन के रोजगार की गारंटी दी जाती थी। लेकिन, अब इस विधेयक में एक सौ पच्चीस दिन रोजगार गारंटी का प्रावधान दिया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ टिकाऊ अवसंरचना का निर्माण करना है।

दुर्ग जिले की ग्राम पंचायत टेमरी के पूर्व सरपंच और वर्तमान में पाटन के जनपद उपाध्यक्ष खेमलाल देशलहरे ने कहा कि इस विधेयक से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति बढ़ाने में निश्चित रूप से सहायता मिलेगी।

## अग्निवीर भर्ती–प्रवेश पत्र

भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। साथ ही अभ्यर्थियों को पंजीकृत ई–मेल आईडी पर प्रवेश पत्र भी भेजे गए हैं। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र **“डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन”** पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी तैंतीस जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन दस से चौबीस जनवरी तक धमतरी जिले के इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। भर्ती रैली के दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क–स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी नया रायपुर स्थित सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि भारतीय सेना की ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन तीस जून से दस जुलाई के बीच किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की कल जयंती है। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में समाज के लोगों ने मंगलवार को रायपुर में एक शोभायात्रा निकाली।

– शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार पूर्व उप सचिव सौम्या चौरसिया को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें कल तक के लिए ईडी रिमांड पर भेजा गया है।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू में नये शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया सोलह दिसंबर से शुरू हो गई है, जो अगले वर्ष इकतीस जनवरी तक चलेगी।

– कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत पोटापानी–नीमपानी गांव में जंगली हाथी के हमले में एक महिला की मौत हो गई।

– दुर्ग जिले में ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान के तहत उन्नीस से पच्चीस दिसंबर तक जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

– कवर्धा जिले के सहसपुर–लोहारा वन परिक्षेत्र में एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला है। इस मामले में वन विभाग ने मोतिमपुर परिसर के रक्षक और परिक्षेत्र सहायक को निलंबित कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>